नकल विरोधी कानून से आयेगी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता: धामी

नैनीताल, एजेंसी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से खटीमा स्थित आवास पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मुलाकात की और नकल विरोधी कानून बनाए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने वनखंडी महादेव मंदिर में मेले का शुभारंभ भी किया। धामी ने विद्यार्थियों से कहा कि नकल विरोधी कानून बनने से पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ ही प्रतिभावान अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। साथ ही शासकीय कार्यों का निर्वहन समयबद्धता, पारदर्शिता तथा सरलता से भी हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न महाविद्यालयों की छात्राओं से कहा कि राज्य को बनाने एवं उसके विकास में मातृशक्ति, नारी शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है।

मातृ शक्ति की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु बहुत सारी योजनाएं लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहन–बेटियों एवं महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए गौरा शक्ति एप लांच किया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं एवं बालिकाओं से अनुरोध किया कि सभी गौरा शक्ति एप पर अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करवाएं।

रजिस्ट्रेशन होते ही संबंधित थाने के ऑटोमेटिक सर्विलांस पर आ जाएंगे और सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित थाने की होगी।

भारत-ऑस्ट्रेलिया को मिलकर काम करने की जरूरत: जयशंकर

विदेशमंत्री एस.जयशंकर ने कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के रास्ते पर हैं

नई दिल्ली, एजेंसी।

विदेशमंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए विश्व की दिशा तय करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। 'रायसीना सिडनी बिजनेस ब्रेकफास्ट' में दिए अपने अहम संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया की मौजूदा परिस्थिति भारत और ऑस्ट्रेलिया को एक दूसरे के लिए और काम करने को मजबूर करती है।

इस समय ऑस्ट्रेलिया में मौजूद जयशंकर ने कहा, सबसे बड़े लक्ष्यों में एक लक्ष्य यह है कि वास्तव में कैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर से खतरे को कम करे, जिनमें एक (लक्ष्य) भरोसेमंद और लचीला आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण शामिल है। यह वास्तव में भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान द्वारा शुरू की गई पहलों में एक है जिन्हें चिह्नित किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के 'रास्ते पर है' और भारत ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) दोनों देशों के रिश्तों में उत्प्रेरक साबित होगा।

गौरतलब है कि दोनों देशों ने दो अप्रैल 2022 को भारत–ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए पर हस्ताक्षर किए थे और पिछले साल 29 दिसंबर को यह प्रभावी हुआ। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के मुताबिक यह समझौता माल एवं सेवा का द्विपक्षीय व्यापार मजबूत करेगा और अगले पांच साल में दोनों देशों का कारोबार 70 अरब डॉलर तक पहुचांने में मददगार साबित होगा।

जयशंकर ने कहा, दुनिया की स्थिति ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य करने पर मजबूर किया है...मेरा मानना है कि जिस दिशा में दुनिया जा रही है और जिस तरह के बदलाव हो रहे हैं, यह भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए जरूरी है कि वे जिस दिशा में दुनिया जा रही है उसे आकार देने के लिए मिलकर काम करें।

उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य इस साल सात प्रतिशत विकासदर हासिल करने की है। जयशंकर ने कहा, लेकिन हम इसमें अगले पांच साल में सुधार की उम्मीद करते हैं। निश्चित तौर पर हम मानते हैं कि कम से कम एक या डेढ़ दशक में सात से नो प्रतिशत विकास दर हासिल करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत की आशावान आर्थिक स्थिति और निवेश में सकारात्मक माहौल की वजह मुश्किल समय में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा, आर्थिक विश्वास हमारी तैयार करने, समन्वय और विनिर्माण की क्षमता में देखा जा सकता है। मंत्री ने रेखांकित किया कि भारतीय प्रतिभा का उल्लेखनीय आगमन ऑस्ट्रेलिया में हुआ है।

उन्होंने कहा, कैसे हम कौशल और विकास की क्षमता का विस्तार कर सकते हैं? हम इसके लिए ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों का भारत में स्वागत करते हैं।

देश में 'मॉडल स्टेट' बनकर उभरा राजस्थान: गहलोत

जयपुर, एजेंसी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि राजस्थान विकास के सभी पायदान पर तेजी से अग्रसर होता हुआ देश में 'मॉडल स्टेट' के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने अपने सालाना बजट में आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। गहलोत प्रतापगढ़ जिले के धरियावद विधानसभा क्षेत्र में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने यहां करीब 11.74 करोड़ रुपये के तीन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 59.68 करोड़ रुपये के 10 विकास कार्यों का शिलान्यास भी

किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए बजट में कोई कमी नहीं रखी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में सिंचाई क्षेत्र के मद में एक बड़ा हिस्सा मेवाड़ अंचल को दिया है क्योंकि यहां सिंचाई परियोजनाओं के लिए प्रबल संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंक्ति के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने स्तर पर प्रतापगढ़ सहित राजसमंद व जालोर जिलों में मेडिकल कॉलेज भी खोलेगी। एक बयान के अनुसार गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा, बजट 2023–24 में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की गई है।

साथ ही, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में भी बीमा राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए अब एक करोड़ एनएफएसए उपभोक्ताओं को निःशुल्क राशन के साथ प्रतिमाह मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट भी दिए जाएंगे। इन फूड पैकेट में प्रति परिवार एक–एक किलो दाल, चीनी, मसाले तथा खाद्य तेल दिया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पुनः लागू की गई है जिससे कार्मिकों का भविष्य सुरक्षित होगा और उनकी चिंताएं दूर होंगी।

देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में मामूली वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में दूसरे दिन भी मामूली वृद्धि दर्ज की गयी और इनकी संख्या बढ़कर 1867 हो गयी है। इस बीच देश में पिछले 24 घंटों में 8,281 कोविड टीकाकरण किया गया है और अब तक कुल 220 करोड़ 63 लाख 35 हजार 191 टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार की सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 112 मरीज स्वस्थ हुए हैं। कर्नाटक, केन्द्रशासित प्रदेश पुडुचेरी और पंजाब में क्रमशः पांच–पांच, महाराष्ट्र में चार, पश्चिम बंगाल में तीन, हरियाणा और उत्तराखंड में दो–दो, मामले बढ़े हैं।

महाशिवरात्री पर सोमनाथ के दर्शन करने पहुंचे मुकेश अंबानी और पुत्र आकाश अंबानी

सोमनाथ, मेट्रो मीडिया।

महाशिवरात्रि के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के एमडी मुकेश अंबानी और उनके पुत्र आकाश अंबानी गुजरात के सोमनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। सोमनाथ महादेव के दर्शन के साथ ही मुकेश अंबानी ने सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट को 1.51 करोड़ रु दान भी किया।

मुकेश अंबानी और आकाश अंबानी ने भगवान शिव का अभिषेक किया और प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी ने सम्मान के तौर पर चंदन का लेप लगाकर, दुशाला उढ़ाया। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से उनका स्वागत ट्रस्ट के अध्यक्ष पी.के. लाहिड़ी और सचिव योगेंद्रभाई देसाई

ने किया। भगवान शिव के प्रति भरपूर श्रद्धा रखने वाले अंबानी परिवार अपनी परंपराओं से जुड़ा है और सभी हिंदू त्योहारों को उत्साह से मनाता है। आज भी जब पूरा देश महाशिवरात्री के रंग में रंगा था अंबानी परिवार ने भी पूजा अर्चना की और इस पवित्र मौके पर दान किया।

एक नजर

त्रिपुरा में चुनाव बाद हिंसा में सौ से अधिक घायल

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के बाद तीन दिनों में हुई हिंसा में अब तक सौ से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार इस चुनावी हिंसा के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी टिपरा मोथा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई–एम) और कांग्रेस पर विभिन्न जिलों में अपने समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। विपक्षी नेताओं ने भी जवाब में भाजपा पर चुनावी हमले के आरोप लगाए। हिंसा के बाद पूरे राज्य के लगभग सभी जिला अस्पतालों में औसतन 08 से 10 लोगों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। चुनाव संबंधित हिंसा के बाद तीन दिनों में कम से कम 22 लोगों को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डीजीपी ने पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत की जांच के आदेश दिए

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार ने शनिवार को मेडक जिले में हिरासत में पुलिस द्वारा कथित प्रताड़ना के बाद हुई एक व्यक्ति की मौत की जांच एक वरिष्ठ अधिकारी से कराने के आदेश दिए हैं। डीजीपी ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चंद्रशेखर रेड्डी को कामारेड्डी जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी को जांच देने का निर्देश दिया। आईजीपी जांच की निगरानी करेंगे। पुलिस प्रमुख ने यह भी घोषणा की कि इंस्पेक्टर और सब–इंस्पेक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। 35 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर मोहम्मद कादिर ने शुक्रवार को पुलिस की प्रताड़ना के कारण लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया था। पुलिस ने कादिर को चोरी के एक मामले में शामिल होने के संदेह में 29 जनवरी को हैदराबाद में उसकी बहन के घर से उठाया गया था। इसके बाद उसे मेडक ले जाया गया, जहां पुलिस ने कथित तौर पर उसे पांच दिनों तक अवैध हिरासत में रखा और प्रताड़ित किया।

उत्तर भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयत्र हरियाणा में: जितेन्द्र सिंह

आदित्य विक्रम सिंह

नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया। उत्तर भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयत्र संयंत्र दिल्ली से लगभग 150 किमी उत्तर में हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गोरखपुर गांव में स्थापित किया जाएगा।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पहले परमाणु ऊर्जा संयत्र ज्यादातर दक्षिण भारतीय राज्यों जैसे तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश या पश्चिम में महाराष्ट्र तक ही सीमित थे। उन्होंने कहा कि यह भारत की परमाणु क्षमता बढ़ाने की प्राथमिकता के अनुरूप है। मोदी सरकार द्वारा 10 परमाणु रिएक्टरों की स्थापना के लिए एक बड़ी मंजूरी दी गई है।

मंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा विभाग को परमाणु ऊर्जा संयंत्र खोलने से जुड़े संसाधन जुटाने के लिए सार्वजनिक उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की अनुमति दी गई है। इसमें भारत की सभी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है।

गोरखपुर हरियाणा अनु विद्युत परियोजना (जीएचएवीपी) 700 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इनमें से प्रत्येक में प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर स्वदेशी डिजाइन है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में दर्शन किये

मदुरै, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले तमिलनाडु दौरे पर आईं मुर्मू जब दोपहर में प्राचीन मंदिर में पहुंचीं, तो उनका मंदिर की ओर से पूर्ण सम्मान (पूर्णकुंभम) किया गया। राष्ट्रपति ने करीब एक घंटा मंदिर परिसर में बिताया। इससे पहले तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री टी मानो थंगराज ने यहां हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मुर्मू का स्वागत किया। इस दौरान रवि परंपरागत तमिल परिधान धोती और शर्ट पहने हुए थे। राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर एकाउंट से ट्वीट किया गया, राष्ट्रपति ने मदुरै में मीनाक्षी अम्मा के दर्शन के साथ तमिलनाडु का दौरा शुरू किया।

अरुणाचल के हिंसा प्रभावित ईटानगर में तनाव व्याप्त

ईटानगर, एजेंसी।

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान व शैक्षणिक संस्थान बंद रहे, जिससे अशांति व तनाव का माहौल कायम रहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी तक कैपिटल कॉम्प्लेक्स के किसी भी हिस्से से किसी भी ताजा घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। फिर भी भीड़ के काफी आक्रामक होने के कारण स्थिति अशांत औरतनावपूर्ण बनी हुई है।

कैपिटल परिसर में शुक्रवार को सुरक्षा कर्मियों की भारी तैनाती के बीच हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए तथा निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही पथराव भी हुआ, जिसमें

पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 10 लोग घायल हो गए।

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) पेपर लीक घोटाले से संबंधित 13 सूत्री मांगों को पूरा नहीं किये जाने के विरोध में पैन अरुणाचल संयुक्त संचालन समिति (पीएजेएससी) ने 'जनता' के सहयोग से ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स बंद का आह्वान किया था। शुक्रवार शाम को नवनियुक्त एपीपीएससी अध्यक्ष और सदस्यों के निर्धारित शपथ ग्रहण को रद्द करने की मांग को लेकर नाराज सिविल सेवा आवेदकों सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए तथा ईटानगर में राजभवन ट्राई–जंक्शन पर जमा हो गए।

राज्य सरकार ने हालांकि बाद में एपीपीएससी के अध्यक्ष और सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह को रद्द कर दिया लेकिन अपनी मांगों पर अडिग पीएजेएससी और उसके समर्थक अपने रुख पर अड़े रहे और जोर देकर कहा कि राज्य सरकार को पीएजेएससी की मांगों को हल करना ही होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आंदोलनकारी पीएजेएससी सदस्यों को शनिवार को यहां राज्य सिविल सचिवालय में अपने कक्ष में आमंत्रित किया है ताकि उनकी शिकायतों का समाधान निकाला जा सके। इस बीच, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने सिविल सेवाओं और अन्य सरकारी नौकरी के आवेदकों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है, जो ईटानगर और अन्य आस–पास के क्षेत्रों में एपीपीएससी पेपर लीकेज और कैश–फॉर–जॉब घोटाला के खिलाफ विरोध कर रहे हैं।

कॉलेजियम प्रणाली एक तरह से संपूर्ण मॉडल है: पूर्व प्रधान न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू यू ललित ने शनिवार को कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली एक तरह से संपूर्ण मॉडल है। 'न्यायिक नियुक्तियां और सुधार' पर 'कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल एकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स' (सीजेएआर) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति ललित ने कहा कि संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की एक सख्त प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारे पास कॉलेजियम प्रणाली से बेहतर व्यवस्था नहीं है।

यदि हमारे पास गुणवत्ता के लिहाज से कॉलेजियम प्रणाली से बेहतर कुछ नहीं है तो हमें इस दिशा

में काम करना चाहिए कि कॉलेजियम प्रणाली अस्तित्व में रहे। आज हम जिस मॉडल पर काम करते हैं, वह लगभग संपूर्ण है।

नवंबर 2022 में सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति ललित ने कहा कि न्यायपालिका सक्षम उम्मीदवारों की योग्यता पर फैसला करने के लिहाज से बेहतर स्थिति में होती है क्योंकि वहां उनके काम को सालों तक देखा जाता है। उन्होंने कहा, जब मामला उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम में पहुंचता है तो पूरी तरह पुख्ता स्थिति है जहां नाम स्वीकार किया जा सकता है या नहीं स्वीकार किया जा सकता। कॉलेजियम प्रणाली के मुद्दे पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल में कहा था कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को रद्द करके उच्चतम न्यायालय ने संसदीय संप्रभुता के साथ गंभीर समझौता किया और जनादेश का अपमान किया। संसद ने एक कानून के माध्यम से एनजेएसी लागू किया था। इसमें उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने का प्रावधान था। शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक कहकर खारिज कर दिया था। केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रीजीजू भी कई बार कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना कर चुके हैं।

शाह ने दीक्षाभूमि और डॉ.हेडगेवार स्मृति मंदिर के दर्शन किए

नागपुर, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नागपुर के रेश्मीबाग इलाके स्थित दीक्षाभूमि स्मारक और डॉ.हेडगेवार स्मृति मंदिर के दर्शन किए। शाह दीक्षाभूमि गए जहां पर डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने समर्थकों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी।

केसीआर ने महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को दी बधाई

हैदराबाद, एजेंसी।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को देश भर के लोगों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपवास, रात्रि जागरण, पूजा–अभिषेक जैसे आध्यात्मिक क्रियाकलापों से शिव नाम का भक्तिपूर्वक जाप करने से सभी के जीवन में आत्मशुद्धि और परिवर्तन आएगा।

केसीआर ने लोगों से शिवरात्रि पर्व को भक्ति और उत्साह के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों पर भगवान शिव से कृपा करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कामना की कि महादेव के आशीर्वाद से सभी का जीवन सुखमय व्यतीत हो।

आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार, हथियार बरामद

कुमार सतीश

जम्मू , मेट्रो मीडिया। जिला पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान आतंकियों के सहयोगी होने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों सहयोगी हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन से संबंधित बताए गए हैं। तीनों के कब्जे से हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है।

शनिवार को पुलिस ने बताया कि एक वाहन में अवैध हथियार और गोला–बारूद ले जाने वाले राष्ट्र–विरोधी तत्वों के बारे में सूचना मिली थी। इस विश्वसनीय इनपुट के आधार पर कुलगाम पुलिस ने दादरकूट, आलमगंज चौराहे पर एक विशिष्ट नाका स्थापित कर चेकिंग शुरू की थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एकबाइक पर तीन संदिग्ध दिखे। पुलिस के रोकने पर तीनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन सतर्क पुलिस के जवानों ने बाइक को रोक लिया। पुलिस ने संदिग्ध तीनों व्यक्तियों की तलाशी ली तो

उनके पास से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन और 13 जिंदा राउंड बरामद किए गए। पुलिस ने हथियार जब्त करके तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में तीनों आतंकवादी अपराधों में शामिल हैं और आतंकी संगठनों को सहायता पहुंचाने में लिप्त है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों के सहयोगियों की पहचान मोहम्मद अब्बास वागे पुत्र मोहम्मद रमजान वागे निवासी वुयान इमाम साहब, गौहर शफी मीर पुत्र मोहम्मद शफी मीर निवासी डीके पोरा शोपियां और निसार रहमान शेख पुत्र अब्दुल रहमान शेख निवासी डीके पोरा शोपियां के रूप में की गई है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन बेहिबाग में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

KCL LIMITED

Registered office E-292, Sarita Vihar, New Delhi-110044
CIN:L74899DL1983PLC068008, Email ID cs@kcl.co.in,website.www.kcl.co.in

Unaudited Financial Results For the Quarter and nine months ended December 31, 2022

Rs in Lakhs

Consolidated					Particulars	Standalone				
Quarter Ended			Nine Months Ended			Quarter Ended			Nine Months Ended	
31.12.2022	30.09.2022	31.12.2021	31.12.2022	31.12.2021		31.12.2022	30.09.2022	31.12.2021	31.12.2022	31.12.2021
(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)
10,497.83	11,362.22	10,288.56	33,224.91	28,888.35	Total Income from Operations	10,497.83	11,362.22	10,288.56	33,224.91	28,888.35
357.73	865.52	613.97	1,862.68	1,384.97	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	357.73	865.52	613.97	1,862.68	1,384.97
357.73	865.52	613.97	1,862.68	1,384.97	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) and before non-controlling interest and share of profit from associate, attributable to Equity Holders of the parent	357.73	865.52	613.97	1,862.68	1,384.97
245.93	578.08	364.41	1,290.66	957.32	Net Profit / (Loss) for the period after Tax, non-controlling interest and share of profit from associate, attributable to Equity Holders of the parent	245.93	578.08	364.41	1,290.66	957.32
246.47	578.36	364.40	1,291.45	957.46	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after Tax) and Other Comprehensive Income (after Tax)) attributable to Equity Holders of the parent	246.47	578.36	364.40	1,291.45	957.46
300.01	300.01	300.01	300.01	300.01	Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs 10/- each)	300.01	300.01	300.01	300.01	300.01
-	-	-	-	-	Other Equity (excluding revaluation reserve)	-	-	-	-	-
-	-	-	-	-	Basic & Diluted Earnings / (Loss) Per Share	-	-	-	-	-

Notes on Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of KCL Ltd for and upto quarter ended 31st December, 2022.

1. The above results which are published in accordance with regulations 33 of the SEBI (LODR) Regulations 2015, have been reviewed by the Audit committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on 14TH February 2023.
2. The Financial results are in accordance with the Accounting Standards as prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendments thereafter.
3. The company has identified primary business segments in manufacturing of Corrugated Boards & Boxes, Duplex Cartons and such other Paper Boards and Cartons, However the company is also manufacturing Food and Dairy Products.
4. The company had received certain concerns with respect to matters of corporate governance and other procedural aspects of financial accounting of the company from one of shareholder of the company Sh Sanjeev Khemka. The Management and other directors are continuously trying to resolve these concerns. Futher Sh Sanjeev Khemka has filed petition on dated 16.09.2022 before the Hon'ble National Company Law Tribunal, New Delhi u/s 241 & 242 of the Companies Act, 2013, which is pending for disposal. Further, we believe that there would be no impact of the same on these financial results.
5. The company has outstanding investment in equity shares of its related party company M/s KCL Milk Products India Pvt Ltd of Rs. 49 Lacs, however, net worth of such company has been eroded as per latest audited financial statement available. The Company has not evaluated whether any impairment provision is required for expected credit losses in accordance with Ind AS 109 - "Financial Instruments" due to uncertainty of recovery on disposal of said assets.
6. Time period of Loans given & outstanding as at 31.12.2022 to its related party company M/s KCL Milk Products India Pvt Ltd amounting to Rs.994.39 Lacs, is not defined / available, however, based on internal assessement, the management believes that this inter corporate outstanding loan will be realised, therefore the same has not been discounted in accordance with Ind AS 109 - "Financial Instruments".
7. A wholly owned subsidiary company namely M/s KCL Paper Mill Private Limited, owned by M/s KCL LTD was incorporated on 21.04.2021, however, no business operations in the subsidiary company was started for the period ended on 31.12.2022.
8. Figures of the Previous Period(s)/Year have been regrouped & reclassified wherever necessary to conform to the current period's classification.
9. The results are made available to the Metropolitan Stock Exchange of India.

Place : Faridabad
Date : Feb 14, 2023

For KCL LIMITED
Sd/-
Rajeev Khemka
(DIRECTOR)
DIN-00103260

For KCL LIMITED
Sd/-
Ashish Khemka
(DIRECTOR)
DIN-00103321